दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में नये परिसीमन के आधार पर होंगे पंचायत चुनाव। राज्य मंत्रिपरिषद ने परिसीमन के प्रस्ताव को दी मंजूरी।

02. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल सात सौ चालीस नई सीटों को मंजूरी दी।

03. रेल मंत्रालय ने टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट का नया संस्करण जारी किया।

04. और, नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कोसी और कमला बलान नदी उफान पर। निचले इलाकों में फैला पानी।

————————————————————————

राज्य की ग्राम पंचायत, वार्ड, पंचायत समिति और जिला परिषद का नये सिरे से परिसीमन किया जाएगा। वर्ष दो हजार ग्यारह की जनसंख्या के आधार पर क्षेत्रों का निर्धारण होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने बिहार पंचायत राज अधिनियम, दो हजार छह की धारा ग्यारह के तहत परिसीमन तय करने की स्वीकृति दी है। इससे ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि अब नये परिसीमन के आधार पर ही पंचायत चुनाव होंगे। इससे जनसंख्या के अनुरूप संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। राज्य में उन्नीस सौ चौरानवे के बाद पंचायतों का परिसीमन होगा।

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह होल्डिंग टैक्स समेत अन्य तरह के कर लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से कर की वसूली की जायेगी। इसके तहत घरों और दुकानों समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर पचास रूपये से पांच हजार रुपये तक होल्डिंग टैक्स लगेगा। मकान, दुकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर शुल्क वार्षिक जबकि जलापूर्ति शुल्क मासिक देना होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए कैबिनेट ने ग्राम पंचायत कर, दर शुल्क नियमावली, दो हजार छब्बीस को स्वीकृति दी।

———साउंड बाईट———

कैबिनेट ने कुछ पच्चीस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है।

————————————————————————

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, एनएमसी ने राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल सात सौ चालीस नई सीटों को मंजूरी दी है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एक सौ नब्बे और निजी मेडिकल कॉलेजों में पांच सौ पचास सीटों की वृद्धि हुई है। सीटें बढ़ने के बाद अब राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में कुल चार हजार एक सौ साठ एमबीबीएस सीटों पर नामांकन होगा। बढ़ी हुई सीटों के बाद बिहार के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अब एक हजार सात सौ दस और निजी मेडिकल कॉलेजों में दो हजार चार सौ पचास सीटों पर दाखिला लिया जाएगा। इस बार पीएमसीएच और एनएमसीएच में पचास–पचास सीटों की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज भागलपुर, श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर और दरभंगा मेडिकल कॉलेज में तीस–तीस सीटों की बढ़ोतरी हुई है।

————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग में योजना मद की अब तक केवल तीन प्रतिशत राशि खर्च होने पर नाराजगी जताई है। विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर योजनाओं के क्रियान्वयन और व्यय की प्रगति में सुधार सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। मंत्री ने योजनाओं की स्वीकृति में हुई देरी की जांच कर तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट देने तथा पिछले तीन वर्षों की जिलावार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

————————————————————————

बिहार सरकार ने बेतिया राज की सात हजार दो सौ बहत्तर दशमलव एक छह एकड़ भूमि को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में छह जिलों–पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सारण, सीवान और पटना की भूमि के लिए अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग के अनुसार, यह कार्रवाई बेतिया राज संपत्तियों को राजसात करने संबंधी अधिनियम, दो हजार चौबीस और नियमावली, दो हजार छब्बीस के तहत की जा रही है।

————————————————————————

रेल मंत्रालय ने रेल टिकट बुकिंग को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन–आईआरसीटीसी की वेबसाइट का एक नया संस्करण जारी किया है। आईआरसीटीसी ने इस संस्करण में चार बड़े सुधार किए हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच में कुल छब्बीस उम्मीदवारों के पर्चे वैध पाये गए थे। वहीं, जांच में जनशक्ति जनता दल की वीणा मानवी समेत चौदह उम्मीदवारों के पर्चे रद्द हो गये थे। प्रमुख उम्मीदवारों में एनडीए की ओर से भाजपा के नीरज कुमार, राजद से रेखा कुमारी और जन सुराज पार्टी से प्रशांत किशोर शामिल हैं। उपचुनाव के लिए मतदान तीस जुलाई को होगा। मतों की गिनती तीन अगस्त को की जायेगी।

---

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह तक राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी। विभाग ने आज दरभंगा और मुजफ्फरपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट है। हालांकि पटना समेत आस–पास के जिलों में कम बारिश से गर्मी और उमस की स्थिति बनी हुई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीवान जिले के महाराजगंज में सबसे अधिक इक्यासी दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है।

---

नेपाल में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कोसी और कमला बलान नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से चौंतीस सेंटीमीटर ऊपर चला गया है। वहीं, बागमती नदी रून्नीसैदपुर और बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर बनी हुई है। कमला बलान नदी का जलस्तर झंझारपुर में खतरे के निशान से चालीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं, कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से बयालीस सेंटीमीटर ऊपर चली गयी है। नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, अररिया, पूर्णिया, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और दरभंगा जिले के कई निचले इलाकों में पानी फैल गया है। पूर्वी चंपारण के भलुवाहिया गांव के पास तिलावे नदी का बांध टूटने से सैकड़ों एकड़ धान की फसल जलमग्न हो गई है।

वहीं, पश्चिम चंपारण में वाल्मीकिनगर गंडक बराज से पानी छोड़े जाने के बाद कई गांवों में बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गये हैं। दरभंगा में कमला बलान नदी में उफान से कई गांवों का सड़क संपर्क टूट गया है और विद्यालयों में पठन–पाठन प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और निगरानी तेज कर दी है तथा लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

————————————————————————————

बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने नव स्थापित दो सौ ग्यारह डिग्री महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति के लिए संशोधित अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार अब संविदा आधारित सहायक प्राध्यापक के दो हजार पांच सौ बत्तीस पदों पर भर्ती की जायेगी। आयोग के अनुसार यह बदलाव उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त संशोधित अधियाचना के आधार पर किया गया है। इससे पहले इस पद के लिए तीन हजार छह सौ सत्तासी पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।

————————————————————————————

देशभर में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही है। पटना में आज इस्कॉन की ओर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे।

————————————————————————————

फीफा विश्व कप फुटबॉल में, मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को दो–एक से हरा दिया है। अब फाइनल मुकाबले में रविवार को अर्जेंटीना का सामना स्पेन से होगा।

इधर, क्रिकेट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का दूसरा मैच आज शाम साढ़े पांच बजे कार्डिफ में खेला जाएगा।

————————————————————————————

राजधानी पटना में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये सभी बीपीएससी, सिपाही भर्ती और बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवकों से लाखों रुपये ठगते थे।

————————————————————————————

सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से दो पिस्टल, चार मैगजीन और हथियार बनाने के उपकरण के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

————————————————————————————

भोजपुर जिले के जगदीशपुर नगर पंचायत में विकास योजनाओं में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में नगर विकास विभाग ने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

---

पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में पुलिस ने कुख्यात अपराधी नरेश पांडेय के ठिकाने पर छापेमारी कर सोलह लाख इकहत्तर हजार रुपये नकद, नेपाली मुद्रा, हथियार, कारतूस, सोने–चांदी के आभूषण और जमीन से जुड़े दस्तावेज बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान नरेश पांडेय फरार हो गया, जबकि उसके सहयोगी उज्ज्वल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

---

उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर–छियासठ में इलेक्ट्रिक स्कूटी की चार्जिंग के दौरान हुए विस्फोट से पांच मंजिला मकान में आग लग गई। इस हादसे में मुजफ्फरपुर की महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिपरिषद के फैसले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ग्राम पंचायत कर, दर, शुल्क नियमावली दो हजार छब्बीस को मंजूरी। गांवों में पचास रूपये से पांच हजार रूपये तक होल्डिंग टैक्स लगेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– दो और तीन पहिया वाहनों पर एक प्रतिशत बढ़ा रोड टैक्स। प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– भागलपुर में एआई और कम्प्यूटर साइंस यूनिवर्सिटी खुलेगी। दैनिक भास्कर ने केन्द्रीय कैबिनेट के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– सेमीकॉन टू प्वाइंट ओ मंजूर। मिसाइल से मोबाईल तक की हर चिप अब भारत में बनेगी। राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है अमेरिका। रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी।

आज अखबार ने पटना हाई कोर्ट के आदेश को प्रमुखता देते हुये लिखा है– सम्बद्ध कॉलेजों के शिक्षकों के साथ अनुदान में भेद–भाव उचित नहीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में नये परिसीमन के आधार पर होंगे पंचायत चुनाव। राज्य मंत्रिपरिषद ने परिसीमन के प्रस्ताव को दी मंजूरी।

02. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल सात सौ चालीस नई सीटों को मंजूरी दी।

03. रेल मंत्रालय ने टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट का नया संस्करण जारी किया।

04. और, नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कोसी और कमला बलान नदी उफान पर। निचले इलाकों में फैला पानी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।